भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 203
सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**धर्मशाला स्थित डल झील का रख-रखाव**

**203. डॉ. राजीव भारद्वाज:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में स्थित डल झील में विगत कुछ वर्षों से पानी के रिसाव की चल रही समस्या के बारे में अवगत है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पर्यटन विकास के लिए उक्त झील में पानी के रिसाव को रोकने के लिए कोई योजना बनाई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय के पास झील संरक्षण, एकल जल निकायों में जल रिसाव आदि से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए कोई कार्यक्रम नहीं है। हालाँकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' जैसी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन सुविधाओं के विकास हेतु विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटन संबंधी परियोजनाएँ शुरू करने हेतु उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके विकास संबंधी प्रयासों को संपूरित करता है। संबंधित योजनाओं के तहत ऐसी वित्तीय सहायता संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को उनसे परियोजना प्रस्ताव की प्राप्ति और सरकार द्वारा समय-समय पर जारी योजना दिशानिर्देशों और अनुदेशों के अनुपालन, बजट की उपलब्धता, पारस्परिक प्राथमिकता आदि के अध्यधीन प्रदान की जाती है।

हिमाचल प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन, एसडी 2.0 और सीबीडीडी योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

डॉ. राजीव भारद्वाज द्वारा धर्मशाला स्थित डल झील का रख-रखाव के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 203 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**(i) हिमाचल प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|
| 1. | हिमालयन परिपथ 2016-17 | हिमालयन परिपथ: कियारीघाट, शिमला, हटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा का विकास | 68.34 |

**(ii) हिमाचल प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति का वर्ष** | **गंतव्य** | **अनुभव का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | माँ चिंतपूर्णी मंदिर (जिला-ऊना) | माँ चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास | 56.26 |

**(iii) हिमाचल प्रदेश राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **स्वीकृति का वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत** |
|---|---|---|---|
| 1. | 2024-25 | काज़ा में पर्यटन अवसंरचना विकास | 24.82 |
| 2. | 2024-25 | रक्छम, छितकुल में पर्यटन अवसंरचना विकास | 4.96 |

*****